# कोठी के पास तेज रफ्तार बस पलटी, दर्जन भर यात्री घायल

सतना।

जिले के कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत पोंडी गांव के पास सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बिरसिंहपुर से सतना की ओर जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस सवार 12 यात्री घायल हो गए। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से खिड़कियों को तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस वक्त हुआ जब सामने से एक चार पहिया वाहन तेजी से आ रहा था। उसे बचाने की कोशिश में बस चालक नियंत्रण खो बैठा,जिससे बस सड़क से उतरकर पलट गई। तेज आवाज और धूल के गुब्बार के बीच यात्रियों की चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद कोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया,जहां सभी का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि घायलों को गंभीर चोटें नहीं आई हैं और उनकी हालत स्थिर है। पुलिस घटना की विवेचना कर रही।

### हादसा कैसे हुआ?

प्राथमिक जानकारी के अनुसार बिरसिंहपुर से सतना की ओर जा रही थी। कोठी से कुछ किलोमीटर पहले मोड़ के पास ड्राइवर ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। बताया जा रहा है कि सड़क पर गड्ढे, फिसलन थी और सामने से एक कर आ रही थी। जिसे बचाने के कारण यह हादसा हुआ। बस सड़क किनारे पलट गई,जिससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

### बचाव कार्य और घायलों की स्थिति

हादसे की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए। उन्होंने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। सूचना पर कोठी थाना पुलिस की टीमें भी मौके पर पहुंच गईं। घायलों को तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।अस्पताल सूत्रों के अनुसार,लगभग सभी घायल हुए हैं। इनमें से 5-7 की हालत गंभीर बनी हुई है,जिन्हें सघन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया है। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं,जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।









### प्रशासन की कार्रवाई

पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। बस ड्राइवर के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। सतना जिला प्रशासन ने भी इस घटना पर संज्ञान लिया है और घायलों को हर संभव मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। यह दुर्घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और सार्वजनिक परिवहन की सुरक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल देती है। प्रशासन को ऐसे हादसों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# नागौद में एएनएम के घर के बाहर खड़ी कार में असामाजिक तत्वों ने लगाई आग



**सतना।** जिले के नागौद कस्बे में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात एक सरकारी आवास के सामने खड़ी आर में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी और फरार हो गए।यह घटना अस्पताल चौराहा स्थित एएनएम रमा गौतम के आवास के सामने करीब 3:05 बजे की है। नागौद थाने के टीआई अशोक पांडे ने बताया कि यह कार एएनएम के बेटे के दोस्त की है जो सतना के उमरी इलाके में रहता है। उसने डेढ़ महीने पहले कार खड़ी की थी। उसके बाद लेने नहीं आया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों भी एकत्रित हो गए। इसके बाद एएनएम के घर का दरवाजा खटखटाया और उन्हें बाहर बुलाकर पूछताछ की गई। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।



### तीन नकाबपोश आरोपी सीसीटीवी में कैद

पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। वीडियो में तीन नकाबपोश युवक भागते नजर आए हैं। पुलिस ने रमा गौतम की शिकायत के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# सड़क निर्माण में गुणवत्ता का अभाव उजागर

## नगर पालिका की जांच में पोल खुली



**मैहर।** कई दिनों से सोशल मीडिया में चर्चित कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्मित सड़क की घटिया गुणवत्ता के आरोप अब सतह पर आ गए हैं। शनिवार को नगर पालिका के तकनीकी अमले,सहायक यंत्री राहुल एवं सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,इंजीनियर वनस्पति पांडे तथा शिकायतकर्ता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी मौके पर पहुंचे और मौके का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जो तथ्य सामने आए,वह चौकाने वाले थे। सड़क की बेस लेयर में प्रयुक्त बाइंडिंग मटेरियल इतनी लूज (ढीली) थी कि प्रभात द्विवेदी ने उसे अपने हाथों से उठाकर अधिकारियों को दिखा दिया। यह एक प्रायोगिक साक्ष्य था कि सड़क की सतह न तो समुचित कम्पैक्टेड थी न ही उसमें लोड बेयरिंग कैपेसिटी (भार वहन करने की क्षमता) पर्याप्त थी। इस निरिक्षण में संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित थे। रोड की सर्फेस डेंसिटी मानकों से काफी कम पाई गई। उपरी लेयर में प्रयुक्त डामर और ग्रेवल का अनुपात असंतुलित था। जिससे क्रैक प्रोन स्ट्रक्चर (दरारों की आशंका) बन रहा है। स्लोप मैनेजमेंट (जल निकासी का ढाल) भी त्रुटिपूर्ण है,जिससे बारिश में जलभराव की स्थिति स्पष्ट दिखाई देगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने कहा कि यह सड़क निर्माण तकनीकी कसौटी पर एक असफल प्रयोग है। कायाकल्प के नाम पर नगर पालिका,ठेकेदार और प्रशासन ने मिलकर जनता के विश्वास को ठगा है। यह एक कृतघ्न कलाकृति है जो बजट का अपमान है। यदि इसकी जांच स्वतंत्र तकनीकी एजेंसी से कराई गई, तो ठेकेदार और स्वीकृति देने वाले सभी अधिकारी ज़िम्मेदार साबित होंगे।

# मैहर में प्रतिभावान छात्रों का सम्मान



मैहर

मुस्लिम समाज के मेधावी छात्रों के हौसले को बुलंद करने के उद्देश्य से अल मुस्लमीन कमेटी मैहर और इल्मा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आज दोपहर 3 बजे सरना पैलेस,मैहर में सम्पन्न हुआ। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी उपस्थित रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सतना कांग्रेस शहर अध्यक्ष मकसूद अहमद,इमरान खान,एहतसाम आमीर,न्याज अहमद, पार्षद शाहीना बानो,अमरपाटन नगर परिषद पार्षद रशीदा बेगम,विधायक प्रतिनिधि अमरपाटन अब्दुल सलीम सहित समाज के अन्य गणमान्यजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### छात्रों को मिला प्रोत्साहन और पुरस्कार

इस अवसर पर दसवीं और बारहवीं कक्षा में टॉप तीन स्थानों पर आने वाले छात्रों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 50 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी मंच पर बुलाकर सम्मानित कर सराहना की गई। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने दसवीं में नुही अली प्रथम,मो.नुमान द्वितीय और फरहत नाज इसके साथ बारहवीं कक्षा में प्रथम स्थान नौसीन खान 91 फीसदी द्वितीय जेया इस्लाम मंसुरी 88.9 और निशा बनो 86 पाकर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले होनहार बच्चों को प्रत्येक को 10,000 का नकद पुरस्कार प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया साथ ही आरिफ मंसुरी फेंड्स पैथोलॉजी के जानिब से गिफ्ट हैम्पर, बबलू ट्रेलर इमरान भाई की जनिब से गिफ्ट हैम्पर,रज्जब अली की जनिब से गिफ्ट हैम्पर,इमरान खान आदित्य ग्रुप की तरफ से नगद राशि देकर पुरुस्कृत किया गया।

# अवैध शराब और 6.67 लाख का डीजल-पेट्रोल जब्त

मैहर।



अमदरा थाना पुलिस ने अवैध शराब और डीजल-पेट्रोल की बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक रेनू मिश्रा के नेतृत्व में 29 जून को ग्राम घुनवारा स्थित गौरीशंकर भोजनालय पर छापा मारा गया। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में ढाबे से 57 पाव देशी शराब,27 पाव रॉयल,24 बोतल बीयर,और 39 ड्रमों में 6,860 लीटर डीजल-पेट्रोल जब्त किया गया। जब्त की गई सामग्री की कुल कीमत 6,67,240 आंकी गई है। पुलिस ने ढाबा मालिक रविसन केशरी 42 वर्ष,निवासी घुनवारा के खिलाफ आबकारी एक्ट,बीएनएस और ई.सी. एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। यह उल्लेखनीय है कि अमदरा पुलिस ने 27 जून को भी ग्राम पकरिया स्थित भानी ढाबा से अवैध शराब और डीजल-पेट्रोल जब्त करते हुए ढाबा मालिक संदीप शिवहरे और संचालक कपिल गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई में निरीक्षक रेनू मिश्रा,उपनिरीक्षक संतोष उलाडी,स.उ.नि. सुशील अहिरवार,प्र.आर.अनिल सिंह,आर. प्रमोद पाण्डेय,आर.सुखीलाल अहिरवार,और आर.दिनेश अंशोलिया की सराहनीय भूमिका रही।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में अच्छा कार्य करने पर हितग्राही और अधिकारी पुरूस्कृत

सतना।

राज्य शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून तक लगातार संचालित प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्यातिथ्य में मण्डी प्रांगण खण्डवा में संपन्न हुआ। इस मौके पर सभी जिला मुख्यालय और जनपद स्तर पर भी जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोहपूर्वक किया गया। सतना जिले में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में महापौर नगर निगम योगेश ताम्रकार ने कहा कि सतना जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में जन सहभागिता से जल गंगा संवर्धन अभियान में बहुत अच्छे कार्य हुए है। अभियान के कार्यों के दूरगामी परिणाम मिलेंगे।इन कार्यों से सिंचाई क्षमता में वृद्धि के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भूजल स्तर भी सुधरेगा। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता पंकज सिंह,कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,कार्यपालन यंत्री लाजरूस केरकेट्टा,परियोजना अधिकारी गौरव शर्मा,जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ.राजेश तिवारी सहित अभियान के लाभांवित हितग्राही और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले में अभियान के दौरान जल संरक्षण संवर्धन एवं जन जागरूकता के लिए उल्लेखनीय कार्य के लिए हितग्राहियों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया और अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

# राजस्व प्रकरणों में डिस्पोजल परसेंटेज 75 प्रतिशत पर लायें

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज राजस्व प्रकरणों में निराकरण का प्रतिशत 75 प्रतिशत तक लाना सुनिश्चित करें। शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक में फार्मर रजिस्ट्री और स्वामित्व योजना पर गहन समीक्षा की जायेगी। इसके पूर्व सभी एसडीएम 1 जुलाई को अपने क्षेत्र के पटवारियों एवं राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व कार्यों की समीक्षा करें।इस आशय के निर्देश कलेक्टर ने सोमवार को टीएल बैठक में सीएम डैशबोर्ड पर दर्ज राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा के दौरान दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,एसडीएम एपी द्विवेदी,आरएन खरे,राहुल सिलाडिया,एलआर जांगडे,डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख जून माह की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। सीएम डैशबोर्ड पर जिले में सीमांकन,बंटवारा,नामांतरण की स्थिति की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के डिस्पोजल परसेंटेज कम से कम 75 प्रतिशत करने का टारगेट दिया गया था। फिर भी नायब तहसीलदार बिरसिंहपुर,कोठी,बरौधा, सोहावल,कोटर,छिबौरा सर्किल और तहसीलदार रघुराजनगर ने लक्ष्य प्राप्ति नहीं की है। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी पटवारियों की बैठक लेकर डिस्पोजल परसेंटेज और राजस्व के कार्यों में सुधार लाये। अन्यथा की स्थिति में शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक के बाद संबंधित तहसीलदार और संबंधित पटवारी की पृथक से बैठक लेकर समीक्षा की जायेगी। वृक्षारोपण की तैयारी की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि वृहद संस्थानों द्वारा अपने सीएसआर मद से पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। कृषि और उद्यानिकी विभाग अपने यहां सूचीबद्ध किसानों के लिए वितरण हेतु पौधों का उठाव कर सुरक्षित रूप से संग्रह और वितरण करें। विभागों की लापरवाही से पौधे नष्ट होने पर संबंधित अधिकारी पर जबावदेही निर्धारित की जायेगी। कृषि और उद्यानिकी को जिले में 25-25 हजार किसानों के लिए पौधे वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। सीमेंट संस्थान द्वारा उद्योग विभाग को अब तक उपलब्ध कराये 6000 फलदार पौधों को नगर पंचायत चित्रकूट को हस्तांरित करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने निजी मंडी राजस्व संबंधी शिकायतों की जांच के लिए एसडीएम सिटी की अध्यक्षता में कमेटी गठन के निर्देश दिये। बैठक में रेल्वे, नर्मदा घाटी विकास एवं अन्य शासकीय विभागों के अंर्तविभागीय विषयों तथा भू-अर्जन के विषय में समीक्षा की गई।

## पंचायतों के रिक्त मतों के लिए मतदान 22 जुलाई को

**सतना।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अनुसार 1 जुलाई 2025 से 8 जुलाई 2025 तक पंचायतों के रिक्त पदों हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जायेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 9 जुलाई को जनपद मुख्यालय पर की जावेगी। अभ्यर्थिता वापसी 11 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे तक की जावेगी। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना तथा प्रतीक आवंटन 11 जुलाई को ही अभ्यर्थिता वापसी के तुरंत पश्चात की जावेगी। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 22 जुलाई को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक सम्पन्न कराया जावेगा। मतदान समाप्ति के तुरंत पश्चात 22 जुलाई को ही पंच पदों की गणना मतदान केन्द्र पर ही की जावेगी। सरपंच पद की मतगणना जनपद मुख्यालय पर 26 जुलाई को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ की जावेगी। पंच पद का सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 29 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे से जनपद मुख्यालय पर की जावेगी। सरपंच पद के मतों की गणना एवं सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 26 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे से जनपद मुख्यालय पर की जावेगी।

## खबर संक्षेप

### सुरक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने युवाओं को मौका

**कटनी।** जिले में सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज (इंडिया) परसवार अनूपपुर (मध्य प्रदेश) द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान, सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा सुपरवाईजर एवं सीआईटी पदों पर भर्ती करने के लिए भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती 3 जुलाई तक जनपद पंचायत स्तर पर होगी। जबकि वेतनमान 14 हजार रूपये से लेकर 35 हजार रूपये होगा। यह भर्ती कैंप 30 जून को जनपद पंचायत बहोरीबंद, 2 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ एवं 3 जुलाई को जनपद पंचायत कटनी में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। इस भर्ती में 10वीं पास या फेल ऐसे युवा जिनकी आयु 19 से 40 वर्ष के बीच है वे सुरक्षा जवान पद के लिए पात्र हैं। इसी प्रकार 12वीं पास युवा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सीआईटी पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। जबकि स्नातक युवा जिनकी आयु 21 से 45 वर्ष के बीच है वह युवा सुरक्षा अधिकारी पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### करंट से युवक एवं सर्प दंश से महिला की मौत

**कटनी।** अलग अलग कारणों से एक युवक एवं महिला की मौत हो गई। रीठी थाना क्षेत्र में करंट लगने से एक युवक की जबकि सर्पदंश से महिला की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार झलैया ग्राम टोला में निरपत लोधी पिता पूरन लोधी 22 निवासी टोला गोदाना की बिजली के करंट लगने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इसी तरह सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार विद्या कोरी पति नीलेश 36 निवासी बघवार थाना रैपुरा जिला पन्ना को जहरीले सांप ने काट लिया था। आनन-फानन में परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल कटनी लेकर पहुंचे, जहां शुक्रवार शाम 7 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मामले को जांच में लिया है।

### सट्टा पर्ची काटने वाले सटोरियों पर कार्रवाई

**कटनी।** सट्टा पर्ची काटने वाले सटोरियों पर पुलिस ने कार्यवाही की है। कोतवाली पुलिस ने गोल बजार रामलीला मैदान के पास दबिश देकर साहिल सोनी निवासी नई बस्ती के पास से 2 नग सट्टा पट्टी जब्त की है। इसी प्रकार गोल बजार में ओमप्रकाश सोनी निवासी नई बस्ती को भी सट्टा पट्टी काटते हुए पकड़ा है। माधवनगर पुलिस ने ग्राम जरवाही में संजीत सोनी को सट्टा पट्टी के साथ पकड़ा है।

### आतंक का पर्याय बने करण बिहारी पर एनएसए की कार्रवाई

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप यादव एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में आतंक का पर्याय बन चुके आदतन अपराधी करण सिंह बिहारी के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत कार्यवाही की गई है। माधव नगर पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार किया गया और जेल भेजा गया है। करण सिंह बिहारी एक आदतन अपराधी है, जो क्षेत्र में अपराध और अवैध गतिविधियों में लिप्त रहा है। उसके खिलाफ विभिन्न अपराधों हत्या के प्रयास, मारपीट, अवैध वसूली, के कुल 11 मामले दर्ज हैं और वह क्षेत्र में अपराध का एक प्रमुख स्रोत बना हुआ था। एसपी के निर्देशन में और संबंधित अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने करण सिंह बिहारी के खिलाफ NSA के तहत कार्यवाही की है, जिससे क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी और आम जनता में सुरक्षा की भावना प्रबल होगी।

कटनी पुलिस ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी के पास किसी भी अपराधी के बारे में जानकारी है, तो वह पुलिस के साथ साझा कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### जामुन तोड़ने चढ़ा 12 वर्षीय बालक पेड़ से गिरा, हाथ के हुए तीन टुकड़े, नयापुरा ग्राम का मामला



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली नयापुरा ग्राम में एक दुर्घटना का मामला सामने आया है, जिसमें एक 12 वर्षीय बालक जामुन के पेड़ से जमीन में गिरकर घायल हो गया। जिसे परिजन आनंद-फानन में अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां उसका प्राथमिक उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालक का नाम विकास पिता श्याम बहादुर आदिवासी उम्र 12 वर्ष निवासी नयापुरा है जो सोमवार की शाम लगभग 5:00 बजे पेड़ पर जामुन तोड़ने के लिए चढ़ा था। तभी लड़का पेड़ से जमीन पर गिर गया जिस कारण से उसके हाथ की हड्डी टूट गई। जिसे परिजन तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने बताया की हड्डी तीन जगह से टूटी हुई है। जिसे प्राथमिक उपचार कर कटनी के लिए रेफर कर दिया।

### दहेज को लेकर महिला को किया जा रहा प्रताड़ित

**अमानगंज** थाने में पांच लोगों के खिलाफ दहेज प्रथा का मामला दर्जपन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली टाइ ग्राम निवासी फरियादी रेखा कुशवाहा उम्र 21 वर्ष ने सोमवार की शाम 6:00 बजे अमानगंज थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका मायका भरतपुर बांधी में है उसकी शादी जुलाई 2024 में टाइ ग्राम निवासी अरविंद कुशवाहा के साथ हुई थी दो बार विदा होने के बाद सास, ससुर जेठ, जेठानी एवं पति द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। पति द्वारा मोटरसाइकिल एवं अन्य वस्तुओं की मांगी जा रही है। माँग पूरी न करने पर मारपीट की जाती है। फरियादी रेखा कुशवाहा की सूचना पर आरोपी पति अरविंद कुशवाहा, सास कौशल्या बाई कुशवाहा, ससुर पुरुषोत्तम कुशवाहा, जेठ राम जी कुशवाह, जेठानी सुमन कुशवाहा के खिलाफ अमानगंज पुलिस ने धारा 498 के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सेल फोन रिपेरिंग एवं सर्वसिंग तथा मोटर साईकिल रिपेरिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण

**पन्ना।** रोजगार की दिशा को ध्यान में रखकर जहां युवाओं का भविष्य संवारने को लेकर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने दो प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 जुलाई 2025 से 09. अगस्त 2025 तक 30 दिवसीय पुरूषों हेतु यह प्रशिक्षण की दिशा तय की गई है। जिसमें सेल फोन रिपेरिंग एवं सर्वसिंग तथा मोटर साईकिल रिपेरिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसमें सेल फोन रिपेरिंग एवं सर्वसिंग से संबंधित समस्त प्रकार के कार्यों को सिखाया जायेगा। आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान यहां उक्त प्रशिक्षणार्थियों को रहने चाय नास्ता व भोजन कीर संपूर्ण व्वस्था निःशुल्क आरसीटी पन्ना के द्वारा की जा रही है। गौरतलब बात यह है कि इस प्रशिक्षण में आवश्यक दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड या जॉब कार्ड य स्व सहायता समूह की सदस्यता पर्ची वहीं अंकसूची के रूप में कम से कम 8वीं पास अनिवार्य माना जा रहा है। आय जाति निवास बैंक पास बुक पास पोर्ट साईज की कलर फोटो सभी दस्तावेजों की दो प्रति व फोटो कापी के रूप में वहीं मूल प्रति भी लाना अनिवार्य बताया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिये पन्ना जिले का निवासी तथा ग्रामीण होना अनिवार्य है इस तरह से जहां युवाओं का भविष्य खासकर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिये ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान पन्ना के द्वारा युवाओं के भावी भविष्य संवारने के लिये यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण की दिशा प्रदान करने को लेकर जानी जायेगी।

# शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षक व शिक्षिकाओं का विदाई सम्मान समारोह

**प्राथमिक कन्या स्कूल कुंजवन से श्रीमती सपना पोद्दार, हाई स्कूल कुंजवन से शिक्षक सुनील पाण्डेय तथा श्रीमती सुनीता प्रजापति व श्रीमती गीता रानी सरकार के स्थानान्तरण होने पर और नवागत प्राचार्य रजा खान के आगमन को लेकर गरिमामय तरीके से सम्मान समारोह हुआ सम्पन्न**

**पन्ना।** शिक्षा ही विकास का आधार होती है शिक्षक की भूमिका कर्तव्य निर्वाहन को लकर अपनी छाप स्वयं छोड़ती है शिक्षक की कर्तव्यनिष्ठ कार्य प्रणाली व उनके द्वारा दिया गया ज्ञान जो स्वयं ही अंधेरे से प्रकाश का मार्ग प्रसस्त्र करते है आखिर शिक्षक तभी तो समाज में सदैव सम्मानीय माना जाता है। भगवान के साथ गुरू का दर्जा जो इतिहास में स्वयं साक्षी है वहीं आज भी शासकीय विद्यालयों में जो शिक्षक अपनी कर्तव्यनिष्ठ कार्य प्रणाली का निर्वाहन करते है उनके कार्यकाल को याद किया जाता है। ऐसी ही भूमिका जिले के शिक्षा विभाग में प्राथमिक शाला कुंजवन कन्या में जहां अपने ही गांव में 40 वर्ष की सेवा शिक्षा प्रदान करने में श्रीमती सपना पोद्दार जो सदैव अपनी कार्य को लेकर सजगता के साथ दृढ इच्छा शक्ति से समय को ध्यान में रखकर जिन्होंने निर्वाहन किया आज उनकी विदाई के समय सम्मान समारोह में भी उनके परिवारजनों व विभागीय उपस्थित स्टाफ के छलके आंसू शुभ का संकेत दे रहे थे। साथ ही जिले में कुंजवन प्राथमिक



विद्यालय हो या हाई स्कूल अलग ही शासकीय विद्यालयों में कहीं न कहीं वर्तमान समय में भी संघर्षों के साथ छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने को लेकर जाने जाते है। जहां इन विद्यालयों में परिवार की तरह भूमिका तय करते हुये कार्य शिक्षकगण करते है हाइ स्कूल कुंजवन जो वर्तमान समय में पीएम श्री विद्यालय के रूप में अब जाना जा रहा है इस विद्यालय से कर्तव्यनिष्ठ तथा कूंजवन विद्यालय परिवार में जो सेवा प्रदान कर रही थी विगत कुछ समय पूर्व दो शिक्षिकायें श्रीमती गीता रानी सरकार व श्रीमती सुनीता प्रजापति स्थानान्तरण जिनका हुआ उन्हें सम्मान से नवाजने को लेकर आज का कार्यक्रम कह सकते है। साथ ही इस विद्यालय में नायाब हीरे के रूप में शिक्षक सुनील पाण्डेय जिनका नाम समूचे जिले के साथ-साथ कार्य प्रणाली के चलते प्रदेश स्तर तक जाना गया है। शिक्षा विभाग में वर्तमान समय में जिनकी



कार्यप्रणाली मृदु भाषा के साथ-साथ दक्षता को लेकर अलग ही छाप छोड़ती है। कुछ समय पूर्व अभी हाल में जिनका स्थानान्तरण भी इस विद्यालय से हुआ जहां कुंजवन विद्यालय परिवार हाईस्कूल में श्रीमती सपना पोद्दार जो प्राथमिक स्कूल कन्या में 40 साल की सेवा प्रदान करने के बाद आज सम्मान के साथ सेवा निवृत्त होने पर विदाई को लेकर जानी गई। वहीं इनकी कार्य प्रणाली की सराहना सभी ने की। इतना ही नहीं उपस्थित परिवारजनों व उनके रिश्तेदारों ने भी उनकी सभी दायित्वों व रिश्तों को लेकर भी सराहा साथ ही हाई स्कूल कुंजवन में जहां सुनील पाण्डेय शिक्षक जो अपने आप में व्यक्तित्व के धनी साथ ही हर समय हर तरह से तकनीकी, व्यवहारिक व अपनी भूमिका निर्वाहन को लेकर विद्यालय में जाने जाते थे। जिनकी कार्यशैली को सभी ने सराहा वहीं श्रीमती सुनीता प्रजापति जो अपने कार्य को लगन के साथ करने को लेकर जानी जाती थी आज उनकी भूमिका भी याद करते हुये सराही गई। श्रीमती गीतारानी सरकार जो विद्यालय में परिवार की तरह अपने दायित्व निर्वाहन को लेकर भूमिका निभाती थी इस तरह से जहां श्रीमती सपना पोद्दार के सेवानिवृत्त की विदाई वहीं हाई स्कूल कुंजवन पीएम श्री विद्यालय के शिक्षक सुनील पाण्डेय जो कुछ समय पूर्व प्रभारी प्राचार्य का दायित्व इस विद्यालय में निभाने को लेकर जाने गये वहीं माध्यमिक शिक्षक श्रीमती गीता रानी सरकार व श्रीमती सुनीता प्रजापति इन तीनों के स्थानान्तरण को लेकर सम्मान समारोह विदाई के रूप में जाना गया। वहीं पीएम श्री विद्यालय के नवागत प्राचार्य रजा खान जिन्होंने कुंजवन विद्यालय परिवार को भरोसा दिलाया कि हर तरह से हमारा सहयोग आपके साथ विद्यालय में पूर्व की तरह सब मिलकर दायित्व निभायें छात्र-छात्राओं का भविष्य संवारने को लेकर पूर्व की तरह आगे भी जाना जायेगा विद्यालय। वहीं इस गरिमामय विदाई सम्मान समारोह व नवागत प्राचार्य का स्वागत के साथ सभी प्राथमिक व हाई स्कूल पीएम श्री विद्यालय कुंजवन के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनों को सम्मान से नवाजा वहीं जैसा कि कुंजवन विद्यालय परिवार कहलाता है परिवारजनों की सहभागिता व दोनों समधिन का मिलन इस समारोह में छाप छोड़ गया। इस तरह से जहां शिक्षक की भूमिका जो समाज में सदैव सम्मानीय दिशा को लेकर जाना जाता है वह आज पीएम श्री विद्यालय हाई स्कूल कुंजवन में देखने को मिला।

# जनपद पंचायत पवई में कार्यरत दो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

**जनपद सभागार में हुआ गरिमामई कार्यक्रम**




**पन्ना।** जनपद पंचायत पवई में पदस्थ वेदनारायण अवस्थी खंड पंचायत अधिकारी एवं किशोर सिंह खलासी द्वारा शासन द्वारा निर्धारित शासकीय सेवा में सेवाअवधि पूर्ण करने पर सोमवार को जनपद पंचायत के सभागार में गरिमामई विदाई समारोह कार्यक्रम का मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश कइयाय की अध्यक्षता में आयोजन किया गया । सर्वप्रथम मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जनपद सदस्यों, परिजनों के द्वारा दोनों कर्मचारियों का फूल माला पहनाकर,तिलक लगाकर सम्मान किया गया,तत्पश्चात उन्हें भेंट स्वरूप शाल श्रीफल एवं रामायण उपहार स्वरूप दी गई। इसके बाद सभी ने दोनों कर्मचारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। बता दें कि वेदनारायण अवस्थी ने 39 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर दोनों कर्मचारियों के परिजन जनपद पंचायत के अधिकारी,कर्मचारी,सरपंच सचिवों के साथ पत्रकार साथी मौजूद रहे।



# जलगंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर नन्दनपुर पड़रहा ओर भकुरी के सरपंच को

**सीईओ ने प्रसस्ति पत्र सौंप कर किया सम्मानित**

**पन्ना।** जल गंगा संवर्धन समापन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री का उद्बोधन जनपद पंचायत अजयगढ़ में लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसी कार्यक्रम के तहत जल संरक्षण को लेकर जिस ग्राम पंचायत के द्वारा उल्लेखनीय कार्य किये है उन पंचायत के सरपंचों को प्रसस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया है। अजयगढ़ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत नन्दनपुर की सरपंच श्रीमती सुआकाली ,भकुरी सरपंच रन्ना यादव ओर पड़रहा सरपंच रामसखी यादव एवं इंजीनियर आशीष विश्वकर्मा को जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राज्य शासन के निर्देशानुसार जनपद सीईओ सतीस सिंह के द्वारा प्रसस्ति पत्र सौंप कर सम्मानित किया गया है। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन यादव, कइयक्ष महबूब खान, मंडल अध्यक्ष बीरा विजय पटेल, जनपद सदस्य सहित एपीओ अमित यादव,इंजीनियर अशोक प्रजापति,आशीष विश्वकर्मा, नरसिंह सोनकर,सहायक ग्रेड कमलेश खरे सचिव रामशरण पटेल सहायक सचिव हीरालाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान समापन समारोह

**हम सबको पानी व्यर्थ नहीं बहाना चाहिये पानी बचाने के और क्या उपाय हो सकते है सबको सोचने की जरूरत - गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा**



**पन्ना।** आज जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह जनपद पंचायत गुनौर के सभा कक्ष में संपन्न हुआ जल है तो कल है की भावना को साकार करते हुए आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान का आज समापन हुआ इस अवसर पर गुनौर विधानसभा के ऊर्जावान यशस्वी विधायक डॉ राजेश वर्मा ने अपनी गरिमामई उपस्थिति से कार्यक्रम की शुरुआत की उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम सबको पानी व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए पानी बचाने के और क्या उपाय हो सकते हैं उसे बारे में हमें सोचना चाहिए ताकि आने वाले समय में हम बूंद बूंद पानी को ना तरसे पाम का कर्तव्य बनता है कि हम खुद भी अपनी बैठना कहां है और दूसरों को भी बताएं कि पानी का दुरुपयोग ना करें क्योंकि यही पानी जब जल संकट आता है तो हमारी पानी की पूर्ति करता है हमारे आसपास जितने भी प्राचीन पोखर तालाब केन जो बने हुए हैं हमें उन सब को साफ रखना है ताकि जब जल संकट पड़े तो हम इनका उपयोग कर सकें और पानी की कमी को पूरा कर सकें क्योंकि पानी है तो जीवन है पानी पामतो जीवन नहीं जल संरक्षण से हमें बूंद बूंद पानी के लिए नहीं तरसना पड़ेगा श्रीमती जल सी बाई आदिवासी जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति पटेल मंडल अध्यक्ष गुनौर श्री श्रीकांत त्रिपाठी किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अर्चना सिंह नगर परिषद अध्यक्ष गुनौर विशाल सिंह भदोरिया वरिष्ठ नेता चंदन सपेरा नगर परिषद पामयक्ष गुनौर मलखान सिंह राजपूत दशरथ पामयाय धर्मेंद्र तिवारी विजय चतुर्वेदी दिव्यांशु दहिया पंकज दुबे रामनारायण दहिया रज्जू लाल लोधी रूपनारायण द्विवेदी राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी पुण्य प्रताप सिंह बद्री पटेल बसंत पटेल शैलेंद्र विश्वास अंगद प्रसाद प्रजापति राजेंद्र चैबे गुलाबी महाराज गुड्डू राजा राम भुवन पटेल साहब राजा परमार सुंदर सिंह यादव रोहित विश्वकर्मा लल्लू उरमलिया एवं समाजसेवी लोग इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# समर्पित शिक्षक इंद्र कुमार जैन को भावभीनी विदाई



**देवेंद्र नगर।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर के वरिष्ठ शिक्षक श्री इंद्र कुमार जैन को 38 वर्षों की सेवा उपरांत 30 जून को एक गरिमामय समारोह में विदाई दी गई। कार्यक्रम प्राचार्य श्री अनिल कइयाय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें नगर के प्रबुद्धजन, पूर्व छात्र, पत्रकार एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

देवेंद्रनगर से जुड़ाव और समर्पण'

वर्ष 1986 में प्रथम पदस्थापना के साथ श्री जैन ने देवेंद्रनगर को अपनाया और स्थायी रूप से यहीं निवास किया। उन्होंने शिक्षण को आजीविका नहीं, समाज सेवा का माध्यम माना। उच्च कक्षाओं से लेकर मिडिल स्कूल तक वे एक-सा समर्पण दिखाते रहे और विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों व जीवन निर्माण की शिक्षा दी।

### प्रशासनिक पद ठुकराए, ताकि नगर से न टूटे रिश्ता



प्रभारी प्राचार्य जैसे कई पद प्रस्तावित होने पर भी श्री जैन ने देवेंद्रनगर में सेवाएं जारी रखने को प्राथमिकता दी। वे 13 वर्ष परीक्षा प्रभारी और 14 वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में सहायक केंद्राध्यक्ष रहे।

### धार्मिक-सांस्कृतिक जुड़ाव

श्रीराम मंदिर से उनकी आत्मीयता रही। नगर की सांस्कृतिक गतिविधियों में वे गरिमापूर्वक सहभागी होते रहे। सामाजिक समरसता के प्रतीक श्री जैन को हर वर्ग का स्नेह और सम्मान मिला।

### सम्मान की अभिव्यक्ति

उनकी सेवाओं को मस्लक-ए-आला हज़रत कमेटी, पत्रकार विकास परिषद, जीरो सेवा समिति, मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन सहित अनेक संगठनों ने सराहा और उन्हें देवेंद्रनगर की "अमूल्य धरोहर" कहा।

### स्थानांतरण पर विदाई

इसी अवसर पर शिक्षिका श्रीमती दयावती रावत (गौरा बराछ) व शिक्षक अनिक कुमार द्विवेदी (कोढ़नपुरवा) को भी ससम्मान विदाई दी गई।

## लोक निर्माण विभाग हरियाली और जल संरक्षण पर चलाएगा व्यापक अभियान

**पन्ना।** लोक निर्माण विभाग द्वारा आगामी एक जुलाई को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम स्कूलों में संचालित एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान से भी समन्वित रहेगा। विभाग ने अभियंताओं को वृक्षारोपण स्थलों की पहचान, पौधों की उपयुक्त प्रजातियों के चयन तथा जिम्मेदारियों के निर्धारण के निर्देश दिए हैं। विभाग ने हरियाली को संरक्षित करने के लिए पेड़ों के स्थानांतरण यानि ट्री-शिफ्टिंग की नीति को अपनी दर सूची एसओआर में शामिल किया है, जिससे हरियाली को संरक्षित रखा जा सके। जल संरक्षण की दिशा में विभाग द्वारा सड़क किनारे रिचार्ज बोर के निर्माण की योजना भी लागू की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य वर्षा जल को सीधे भू गर्भ में पहुंचाकर ग्राउंड वाटर रिचार्ज को बढ़ावा देना है। विभाग द्वारा 'लोक कल्याण सरोवर योजना के अंतर्गत भी जल संरक्षण को नई दिशा देने की पहल की गई है।

## जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता एक अगस्त को

**पन्ना।** स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार इस वर्ष भी प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने तथा पर्यटन के जरिए जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। आगामी एक अगस्त को जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी। जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे द्वारा जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी प्राचार्यों को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। विद्यालय से क्विज प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत तीन छात्र-छात्राओं की टीम गठित कर आगामी 18 जुलाई तक पर्यटन बोर्ड की वेबसाइट पर विद्यार्थियों की टीम का ऑनलाइन पंजीयन करवाना होगा।

# मोहर्रम पर्व को लेकर अमानगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**अमानगंज।** अमानगंज थाना परिसर में थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हिंदू मुस्लिम-समुदाय के लोग मौजूद रहे। जहां मोहर्रम पर्व को लेकर 4 जुलाई को खेले जाने वाले अलाव की जगह चिन्हित करने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था करने के बारे में चर्चा हुई। वहीं 6 जुलाई को मोहर्रम पर्व पर नगर में ताजिए निकाले जाएंगे जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से नगर में रूट निर्धारित किया गया। इस दौरान जुलूस में किसी भी प्रकार का हथियार प्रदर्शन एवं किसी भी प्रकार के उत्तेजित करने वाले नारों पर प्रतिबंध को लेकर समझाइस दी। बैठक में मुख्य रूप से नायब तहसीलदार हेमंत अवधिया, कनिष्ठ अभियंता अमानगंज शिव कीर्ति शुक्ला, नगर परिषद सफाई पर्यवेक्षक प्रभा शंकर उपाध्याय सहित दोनों हिंदू-मुस्लिम समुदाय और पत्रकार गणों की मौजूदगी रही।

# ई-दक्ष केंद्र में आयोजित हुआ पुलिस विभाग के लिए प्रशिक्षण

**पन्ना।**



राज्य शासन के निर्देशानुसार अब पुलिस विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवा से संबंधित सभी जानकारियों के प्रबंधन हेतु मध्य प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन भोपाल द्वारा उपलब्ध कराए गए सॉफ्टवेयर मम्प्तदै का उपयोग किया जाना है। इसी क्रम में संयुक्त कलेक्टरेट स्थित ई दक्ष केंद्र में गत माह जून में विभिन्न सत्र आयोजित कर एसपी ऑफिस पन्ना के 50 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया जिससे आगे संबंधित विभाग के जिले के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मम्प्तदै सॉफ्टवेयर में ऑनबोर्डिंग की जा सके। उक्त प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर एवं केंद्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक वैभव सोनी के द्वारा दिया गया।

सॉफ्टवेयर में अभी प्रथम चरण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ऑनबोर्डिंग की जानी है। कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका से संबंधित सभी जानकारियों जैसे नियुक्ति, पदोन्नति एवं इंक्रीमेंट का डिजिटाइजेशन किया जाएगा। आगे आने वाले समय में कर्मचारी विभिन्न सेवाएं जैसे अवकाश, फैमिली तथा नॉमिनेशन अपडेट आवेदन आदि सभी कार्य मोबाइल एप के माध्यम से ही अपने अकाउंट से ही कर सकेंगे। सॉफ्टवेयर के उपयोग से विभागीय स्थापना संबंधी समस्त गतिविधियों में तेजी आएगी तथा रिकॉर्ड की मॉनिटरिंग करना भी आसान होगा।

## खबर संक्षेप



### बागेश्वर धाम पर होगा भव्य महोत्सव

**चार जुलाई को मनाया जाएगा जन्मोत्सव**

**देश, दुनिया से आएंगे शिष्य, पुंडरीक गोस्वामी सुनाएंगे हनुमन्त कथा**

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री अपनी लंबी विदेश यात्रा को पूरा कर इन दिनों मुंबई के बागेश्वर बालाजी मठ में स्थित हैं। वे यहां प्रतिदिन महाराष्ट्र और आसपास के प्रदेशों से आने वाले भक्तों से मिल रहे हैं। लगभग तीन दिनों तक मुंबई में रहने के बाद बागेश्वर महाराज अब अपने मध्यप्रदेश स्थित बागेश्वर बालाजी धाम पहुंचने वाले हैं। छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम पर बागेश्वर महाराज पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री 1 जुलाई से 3 जुलाई तक बालाजी का दिव्य दरबार लगाएंगे।

**4 जुलाई को बागेश्वर महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। -**

उल्लेखनीय है कि लगभग 1 महीने के बाद महाराजश्री बागेश्वर धाम पहुंच रहे हैं। उनके पहुंचने के पहले ही यहां देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरु हो गया है। चूंकि बागेश्वर महाराज को 1 जुलाई से 12 जुलाई तक धाम पर ही रहना है, इसलिए देश और दुनिया में रहने वाले उनके लाखों भक्त यहां पहुंच सकते हैं। बागेश्वर धाम पर आयोजित होने वाले इस 12 दिवसीय महोत्सव के शुरुआती तीन दिनों में बागेश्वर महाराज यहां बालाजी का दिव्य दरबार भी लगाएंगे। बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक वे 1 जुलाई से 3 जुलाई तक प्रतिदिन शाम के समय बालाजी का दिव्य दरबार लगाकर लोगों की मनोकामनाओं की अर्जियां कागज पर दर्ज करेंगे। उनके इस दरबार में लाखों लोगों के पहुंचने की उम्मीद है इसलिए प्रशासन ने भी तैयारियां शुरु कर दी हैं।

**नए चेलों को गुरुमंत्र देंगे बागेश्वर महाराज, 7 और 8 को होगा दीक्षा महोत्सव -**

दुनिया भर में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बन चुके बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री एक बार फिर नए चेलों को गुरुमंत्र देने जा रहे हैं। वे धाम पर 7 और 8 जुलाई को आयोजित होने वाले गुरुदीक्षा महोत्सव के अंतर्गत हजारों नए चेलों को गुरुमंत्र देकर उन्हें दीक्षित करेंगे। बागेश्वर धाम जन सेवा समिति की ओर से दीक्षा आयोजन के प्रभारी चक्रेश सुल्लेरे ने बताया कि देश और दुनिया के हजारों लोग पूज्य गुरुदेव से गुरुमंत्र लेकर उन्हें अपना गुरु बनाना चाहते हैं। लंबे समय से गुरुदीक्षा महोत्सव की तैयारी की जा रही थी। आखिरकार गुरुदेव ने 7 और 8 जुलाई को गुरुदीक्षा देने का समय निर्धारित किया है। 7 और 8 जुलाई को बागेश्वर धाम पर यह महोत्सव आयोजित किया जाएगा। सनातन संस्कारों को मानने वाले लगभग 5 हजार लोग इस गुरुदीक्षा महोत्सव में शामिल होकर गुरुमंत्र ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि गुरुदेव से दीक्षा लेने के लिए बागेश्वर धाम के नंबरों पर ऑनलाइन निःशुल्क रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं, अब तक लगभग 3 हजार से ज्यादा लोग अपना पंजीयन करा चुके हैं। इसी तरह ऑफलाइन भी अनेक भक्त गुरुदीक्षा के लिए संपर्क कर रहे हैं। चक्रेश सुल्लेरे ने कहा कि आजीवन मास-मदिरा त्यागकर गुरुदेव और बालाजी के प्रति समर्पित रहते हुए सनातन का काम करने और अपने जीवन को रूपांतरित करने के लिए लोग उनसे गुरुदीक्षा लेने जा रहे हैं।

### हटाया गया नलकूप खनन पर लगा प्रतिबंध

**छतरपुर।** जिले में औसत से कम वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए 29 अप्रैल 2025 को कलेक्टर छतरपुर द्वारा प्रतिबंध लगाया गया था। कलेक्टर छतरपुर ने 30 जून 2025 को वर्तमान में मानसून अवधि को देखते हुये उक्त समस्त प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश जारी किया है।

# ट्रेनों पर पत्थरबाजी रोकने चलाया गया जागरूकता अभियान



रेलवे ट्रैक के आसपास के गांवों में लोगों को दी गई समझाइश

**खजुराहो।** ट्रेनों पर पत्थरबाजी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत रेलवे ट्रैक के आसपास के गांवों में स्थानीय निवासियों और बच्चों को इस गंभीर अपराध के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों को रेलवे एक्ट के तहत दंडनीय प्रावधानों की जानकारी दी गई और ऐसी गतिविधियों से होने वाले खतरों के बारे में बताया गया।

आरपीएफ खजुराहो थाने के थाना प्रभारी ज्ञान चंद, उप-निरीक्षक वी. के. राय, सहायक उप-निरीक्षक ऋषि कुमार और कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह ने जटयारी, रसुइया, पनौठा, पिपौरा जैसे गांवों में जाकर स्थानीय लोगों और बच्चों से संवाद किया। उन्होंने रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखने, ट्रेनों पर पत्थर मारने और ट्रैक के आसपास भेड़-बकरी चराने जैसी गतिविधियों के खतरों के बारे में समझाया। साथ ही, यह स्पष्ट किया गया कि इस तरह के कृत्य रेलवे एक्ट की धारा के तहत दंडनीय अपराध हैं। लोगों को इन अपराधों के लिए निर्धारित सजा की जानकारी भी दी गई। आरपीएफ का यह जागरूकता अभियान रेलवे सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए निरंतर चलाया जाएगा।

# सौंरई के खेतों में भालू की चहलकदमी, ग्रामीणों में दहशत

**सरपंच ने मुनादी कराकर की सतर्कता की अपील**



**घुवारा।** बड़ामलहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सौंरई के सुमेरपुरा, हंसरी और सौंरई गांवों के खेतों में एक भालू के घूमने का वीडियो सामने आया है। भालू को खेतों में बेधड़क घूमते और भागते देखा गया, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का मानना है कि यह भालू संभवतः बुजुर्ग है और अपने झुंड से अलग होकर भोजन व पानी की तलाश में गांव के आसपास भटक रहा है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत सौंरई के सुमेरपुरा गांव में सोमवार की सुबह एक जंगली भालू को खेतों में घूमते देखा गया। ग्रामीणों ने इस भालू को अपने कैमरों में कैद किया, जिसमें वह खेतों में बेधड़क घूमता और भागता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह भालू भोजन और पानी की तलाश में गांव के आसपास मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यह भालू उम्रदराज हो सकता है और अपने झुंड से अलग होकर अकेले विचरण कर रहा है। गांव के आसपास उपलब्ध पानी और खाद्य स्त्रोतों से यह अपनी भूख और प्यास मिटा रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत सौंरई के सरपंच कप्तान सिंह परमार ने तुरंत मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की है।

# चलती हुई कार पर गिरा विशाल वृक्ष, बाल-बाल बचा परिवार



**छतरपुर।** सोमवार को सागर-कानपुर नेशनल हाईवे पर मातगुवां के पास एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब तेज हवाओं के कारण एक विशाल पेड़ चलती कार के बोनट पर आ गिरा। गनीमत रही कि कार में सवार पूरा परिवार सुरक्षित बच गया और किसी को गंभीर चोट नहीं आई। इस घटना के कारण हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया, जिससे लंबा जाम लग गया। बताया गया है कि तेज हवाओं के कारण विशाल वृक्ष उखड़कर गिरा गया था। गनीमत रही कि वृक्ष कार के बोनट पर गिरा जिससे सिर्फ वाहन को नुकसान हुआ, परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित रहे। घटना के बाद हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया था, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ को हटाने का कार्य शुरू किया गया।

## झमाझम बारिश के बाद जटाशंकर धाम में दिखा मनमोहक नजारा

# शहर में बनी जलभराव की स्थिति, जगह-जगह भरा पानी



**छतरपुर।** जिले में सोमवार की सुबह हुई झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई, वहीं किसानों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। हालांकि लगातार हो रही बारिश के कारण किसान बुवाई नहीं कर पा रहे हैं जो कि उनके लिए परेशानी का कारण भी है। वहीं बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, बुंदेलखंड का केदारनाथ कहे जाने वाले जटाशंकर धाम में बारिश ने प्राकृतिक सौंदर्य को और निखार दिया। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय पर सुबह से हुई लगातार बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया। स्थानीय निवासी प्रशांत सिंह भदौरिया के अनुसार, बारिश से आम जनता को भारी राहत मिल रही है। शहर के उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 और क्रमांक 2 सहित अटल सभागार के आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई। जिले के बिजावर तहसील में स्थित जटाशंकर धाम में बारिश के बाद का नजारा मनमोहक हो गया है। यहाँ पहाड़ों से बहता पानी झरनों के रूप में भगवान शिव की प्रतिमा के पास से गुजरता दिखा, जो एक अनूठा और रमणीय दृश्य था। गौरतलब है कि प्रकृति से घिरा यह धाम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, और बारिश ने इसकी सुंदरता को और बढ़ा दिया है। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं का कहना है कि इस तरह के दृश्य जटाशंकर धाम की आध्यात्मिक और प्राकृतिक महत्ता को उजागर करते हैं।

## छतरपुर में पेट्रोल पंपों की हुई गहन जांच

# खाद्य मंत्री के आदेश पर फिलिंग स्टेशनों पर पहुंचे अधिकारी



**छतरपुर।** पिछले दिनों रतलाम में मुख्यमंत्री के काफिले की गाड़ियों में डीजल में पानी मिलने की घटना के बाद खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश के सभी जिलों में पेट्रोल पंपों की जांच का आदेश दिया है। उक्त आदेश का पालन करते हुए सोमवार को जिला प्रशासन ने ईंधन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए।

जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अधिकारी सीताराम कोठारे ने बताया कि रतलाम के डोसीगांव में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 'शक्ति फ्यूल पॉइंट पर डीजल में पानी की मिलावट के मामले के बाद पूरे प्रदेश में जांच अभियान शुरू किया गया है। छतरपुर में बस स्टैंड के न्यू सर्विस स्टेशन पेट्रोल पंप की जांच की गई, जहां पेट्रोल और डीजल के नमूने लिए गए। अन्य पेट्रोल पंपों पर भी यह जांच प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि टीम ने शहर के बस स्टैंड पर स्थित न्यू सर्विस स्टेशन पेट्रोल पंप सहित अन्य पेट्रोल पंपों की जांच की ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध और गुणवत्तायुक्त ईंधन उपलब्ध हो। श्री कोठारे ने कहा कि यह अभियान बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दौरान टैंकों में पानी के रिसाव की आशंका बढ़ जाती है। जांच में किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# किशोर सागर से महलों तक सड़क में हुए बड़े-बड़े गड्ढे दुकानदारों और राहगीरों को हो रही परेशानी



**छतरपुर।** शहर में किशोर सागर से लेकर महलों तक की सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दुकानदारों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, जिससे उनके व्यवसाय पर असर पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि किशोर सागर से महलों तक की सड़क पर गड्ढों के कारण पैदल चलना और वाहन चलाना मुश्किल हो गया है, जिससे दुकानों तक ग्राहकों का पहुंचना कम हो गया है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री आरएस शुक्ला ने बताया कि इस सड़क का निर्माण दो वर्ष पहले किया गया था और एक माह पहले कुछ गड्ढों की मरम्मत का कार्य भी पूरा हुआ था। उन्होंने आश्वासन दिया कि वर्तमान में जहां-जहां गड्ढे हैं, वहां जल्द ही सुधार कार्य शुरू किया जाएगा। दुकानदारों ने भी इस समस्या को शीघ्र हल करने की मांग की है ताकि आवागमन सुगम हो और उनके व्यवसाय को नुकसान न हो।

# जुए के अड्डे पर छापा मारकर पुलिस ने पकड़े दो दर्जन से अधिक जुआरी

**35 लाख से अधिक की संपत्ति जप्त, 1.10 लाख नकद और आठ वाहन बरामद**



**छतरपुर।** बड़ामलहरा अनुभाग के नयाखेरा पहाड़ी क्षेत्र में संचालित जुए के अड्डे पर बीती रात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान दो दर्जन से अधिक जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया, साथ ही 1 लाख 10 हजार रुपये नकद, ताश के पत्ते और आठ चार पहिया वाहनों सहित कुल 35 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जप्त की गई। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि उक्त कार्रवाई बड़ामलहरा अनुभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) रोहित अलावा के नेतृत्व में की गई। बाजना थाना क्षेत्र के नयाखेरा पहाड़ी में जुआ खेलने की सूचना पर गठित पुलिस टीम ने रात में छापा मारा। मौके पर 14 जुआरी ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाते पाए गए। गिरफ्तार जुआरियों में अमित अहिरवार, कल्लू सोनी, अरविंद अनुरागी, रिषिपाल ठाकुर, सुरेंद्र खेरा, नरेश राय, हकीम बैना, नितिन सिंह परिहार, राहुल पटेल, शहजाद खान, महेंद्र पटेल, पूरनलाल चौरसिया, अखिलेश यादव और सरमन कोरी शामिल हैं। इनके कब्जे से 1 लाख 10 हजार रुपये नकद, 14 मोबाइल फोन, ताश के पत्ते और हुंडई क्रेटा, वेन्यू, मारुति सुजुकी की अर्टिगा, डिजायर, वैगन आर, आल्टो, ईको वैन और डटसन कार जैसी आठ गाड़ियाँ जप्त की गईं। थाना प्रभारी बाजना निरीक्षक राजेश सिकरवार, थाना प्रभारी गुलगंज उप निरीक्षक गुरु दत्त शेषा सहित अन्य पुलिस कर्मियों की इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका रही। एसपी श्री जैन ने बताया कि जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्रवाई की गई है।

# कांग्रेस की राष्ट्रीय कमेटी को सौंपी जाएगी छतरपुर की फाइनल रिपोर्ट



केंद्रीय पर्यवेक्षक के नेतृत्व में 20 दिन चला संगठन सृजन अभियान

**छतरपुर।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान का प्रथम चरण 20 दिनों तक चला, जिसमें जिले की सभी छह विधानसभाओं, ब्लॉकों और मंडल-सेक्टर स्तर पर व्यापक संवाद और विचार-विमर्श किया गया। वहीं अभियान के द्वितीय चरण में जिला अध्यक्ष के चयन के लिए आवेदन लिए गए और विभिन्न सामाजिक समुदायों से गुप्त रायशुमारी की गई, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को सौंपी जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 जून की देर रात छतरपुर पहुंचे केंद्रीय पर्यवेक्षक और पूर्व झारखंड मंत्री बन्ना गुप्ता, मध्य प्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षक रुद्र प्रताप सिंह, अमित दुबे और संगठन प्रभारी सुरेश राजे ने 10 जून को राजीव भवन में जिला संगठन की बैठक ली। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडगे की मंशा के अनुरूप, नेताओं ने जिले की सभी विधानसभाओं, 14 ब्लॉकों और 13 उप-ब्लॉकों में जाकर विधायक रामसिया भारती, पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी, विक्रम सिंह नातीराजा, नीरज दीक्षित, पूर्व प्रत्याशियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों से संवाद किया। कुशवाहा, यादव, लोधी, राजपूत, रजक, पटेल समाज और व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर संगठन की कमजोरियों और ताकत पर गहन चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष चयन के लिए सर्किट हाउस में समन्वय समिति की बैठक हुई, जिसमें गुप्त रायशुमारी के आधार पर कर्मठ कार्यकर्ताओं के नामों पर विचार किया गया। बन्ना गुप्ता ने बताया कि यह विस्तृत रिपोर्ट राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल को दिल्ली में सौंपी जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस अभियान में केंद्रीय पर्यवेक्षक बन्ना गुप्ता, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक रुद्र प्रताप सिंह और अमित दुबे ने विधायकों, पूर्व विधायकों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम जनता से मुलाकात कर संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने के सुझाव लिए।

# अधूरे निर्माण को लेकर नपाध्यक्ष ने दी राहत की उम्मीद

**जलभराव से परेशान वार्डवासियों को दिया भरोसा**



**हरपालपुर।** नगर के वार्ड नंबर 2 लहचुरा रोड पर बरसात के मौसम में नाला न होने के कारण सड़कों पर गंदा पानी जमा हो रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधूरे सड़क निर्माण और नाले की कमी के चलते उत्पन्न हुई समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद अध्यक्ष ने मंडी बोर्ड से एनओसी प्राप्त कर जल्द नाला निर्माण शुरू करने का आश्वासन दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर के वार्ड नंबर 2 लहचुरा रोड पर कई वर्षों से अधूरा पड़ा आरसीसी सड़क निर्माण कार्य और नाले की कमी, बरसात में बड़ी समस्या बन गई है। कृषि उपज मंडी तक बनाई गई यह सड़क पुलिया के पास अधूरी छोड़ दी गई थी, जिसके कारण बारिश का पानी सड़क पर जमा हो रहा है। इससे न केवल आवागमन बाधित होता है, बल्कि लोग अक्सर चोटिल भी हो रहे हैं। सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष अमित अग्रवाल और उपयंत्री धीरेंद्र तोमर ने इस क्षेत्र का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की। लोगों ने अपनी समस्याएँ साझा कीं, जिसके जवाब में अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने मंडी बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर जल्द से जल्द नाला निर्माण शुरू करने का भरोसा दिलाया।

# कांग्रेस ने जीतू पटवारी पर एफआईआर को बताया भाजपा की साजिश

**जिला कांग्रेस कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता**



**छतरपुर।** सोमवार को कांग्रेस ने जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता कर अशोकनगर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को सत्तारूढ़ भाजपा की साजिश करार दिया। कांग्रेस ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था पर हमला बताते हुए तत्काल एफआईआर को रद्द करने की मांग उठाई है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष महाप्रसाद पटेल, प्रवक्ता संतोष तिवारी, अनीश खान, नरेश पटेल और रमेश दुबेदी सहित अन्य नेताओं ने प्रेस वार्ता में बताया कि अशोकनगर जिले के मुढ़ा बरखेड़ा गांव में 10 जून 2025 को एक महिला और उसके परिजनों पर सत्तारूढ़ दल से जुड़े लोगों द्वारा कथित जातीय हिंसा की गई। शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मीडिया और कांग्रेस के हस्तक्षेप के बाद मामला उजागर हुआ, लेकिन 26 जून को जीतू पटवारी के खिलाफ उल्टा एफआईआर दर्ज कर दी गई। कांग्रेस ने इसे विपक्ष की आवाज दबाने और पटवारी की छवि खराब करने की साजिश बताया। पार्टी ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, 10 जून की शिकायत और 26 जून के शपथ पत्र की सत्यता जांची जाए, मुंगावली पुलिस की संदिग्ध भूमिका की जांच हो, और पीड़ितों को सुरक्षा व सहायता दी जाए। कांग्रेस ने प्रदेश की जनता से इस साजिश को पहचानने और अन्याय के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। कांग्रेस का कहना है कि यह लड़ाई केवल जीतू पटवारी की नहीं, बल्कि हर उस आवाज की है जो सत्ता के दमन के खिलाफ उठ रही है।



# कार ने बाइक सवार दंपत्ति को मारी टक्कर

**बमीठा।** थाना क्षेत्र के खैरी टोल प्लाजा के पास बीती रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपती को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके परिणामस्वरूप महिला की मौत हो गई और उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मौजूद खेत की तार फेंसिंग में जा घुसी। घटना के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन महिला ने दम तोड़ दिया। उसके पति को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना रात 12 से 1 बजे के बीच की है। बमीठा निवासी राजाराम अहिरवार 38 वर्ष और उनकी पत्नी पार्वती अहिरवार 35 वर्ष गुलगंज से तेरहवीं में शामिल होकर बाइक से बमीठा लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अल्टो कार क्रमांक एमपी 16 जेसी 3527 ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में कार चालक के नशे में होने की बात सामने आई है और हादसे के बाद कार भी अनियंत्रित होकर खेत की फेंसिंग में घुस गई थी। हाईवे की एम्बुलेंस ने घायल दंपती को तुरंत जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया। दोनों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन मऊरानीपुर के पास पार्वती की मौत हो गई। पति राजाराम का इलाज ग्वालियर में जारी है। पार्वती का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल छतरपुर में किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

